कंठ–शूल (एन्जाइना)

Angina

Angina is chest pain or pressure caused by decreased blood flow to the heart. Pain may also be felt in your arms, jaw or upper back. The pain is a signal that your heart is not getting enough oxygen. It is a sign that you need treatment to prevent a heart attack.

Angina may happen anytime but is more common with:

- Work, exercise or activity
- Eating a large meal
- Smoking or using tobacco
- Very hot or cold temperatures
- Emotional or stressful events

कंठ–शूल (एन्जाइना) सीने में होने वाला दर्द या दबाव है जो हृदय में रक्त के प्रवाह में कमी के कारण उत्पन्न होता है। आपकी बाँहों, जबड़े या पीठ के ऊपरी भाग में भी दर्द महसूस हो सकता है। यह दर्द इस बात का संकेत है कि आपके हृदय को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल रही है। यह इस बात का लक्षण है कि आपको दिल का दौरा रोकने के लिए उपचार की आवश्यकता है

कंठ–शूल (एन्जाइना) कभी भी हो सकता है लेकिन निम्नलिखित के कारण अधिक होता है:

- कार्य, व्यायाम या गतिविधि
- अत्यधिक भोजन करना
- धूम्रपान करना या तम्बाकू का उपयोग करना
- अधिक गर्म या सर्द तापमान
- भावनात्मक या तनावपूर्ण घटनाएँ

Signs of Angina

Signs of angina can be much like the signs of a heart attack.

- Pain or pressure, or a feeling of tightness or heaviness in the chest, arms, jaw, shoulders or neck
- Sweating
- Shortness of breath
- Nausea or vomiting
- Abdominal pain
- Feeling very tired, dizzy or faint
- Some people have no signs

Angina will often ease if you stop what you are doing and rest. If you doctor has told you that you have angina, you may be given medicine to take when you have pain. The medicine is called nitroglycerin.

कंठ–शूल (एन्जाइना) के लक्षण

एन्जाइना के लक्षण काफी कुछ दिल के दौरे के लक्षणों जैसे हो सकते हैं।

- सीने, बाँहों, जबड़े, कंधों या गर्दन में दर्द या दबाव, या खिंचाव अथवा भारीपन महसूस होना
- पसीना आना
- साँस फूलना
- मितली या उल्टी आना
- पेट में दर्द
- बेहद थकान लगना, चक्कर या बेहोशी महसूस करना
- कुछ लोगों को कोई लक्षण महसूस नहीं होते

अगर आप जो कुछ कर रहे हैं उसे रोककर आराम करें तो अक्सर एन्जाइना के दर्द में आराम मिल जाता है। अगर आपके डॉक्टर ने आपको बताया है कि आपको एन्जाइना है, तो आपको दर्द होने पर दवा दी जा सकती है। इस दवा को नाइट्रोग्लिसरीन कहते हैं।

When to Seek Treatment

Call 911 if you:

- Are having signs and do not have medicine to treat your angina.
- Have taken your medicine, but your signs are not going away or you have new signs that you have not had before.

Sit or lie down until the emergency team arrives. Do not drive to the hospital or delay by calling your doctor.

उपचार कब कराएँ

अगर आपको निम्नलिखित में से कुछ हो तो 911 पर फोन करें:

- एन्जाइना के लक्षण महसूस हो रहे हों और उसका उपचार करने के लिए दवा न हो।
- आपने अपनी दवा ले ली हो लेकिन आपके लक्षण दूर न हो रहे हों या आपको ऐसे नए लक्षण महसूस हो रहे हों जो पहले कभी न हुए हों।

आपात्चिकित्सा टीम के आने तक बैठें या लेट जाएं। गाड़ी चलाकर अस्पताल न जाएं और न ही अपने डॉक्टर को फोन कर देर करें।

Your Care

You will be tested to see if you have a heart problem. You may be started on medicine or have other procedures to improve blood flow to your heart. Your doctor may also want you to eat a low fat diet and exercise to improve your heart health.

If your doctor prescribes nitroglycerin, use the medicine as your doctor orders. For more information, ask for the handout, **Nitroglycerin**.

आपकी देखभाल

आपको हृदय की समस्या है या नहीं यह देखने के लिए आपकी जाँच की जाएगी। आपको दवाएँ देनी शुरू की जा सकती हैं या आपके हृदय को रक्त प्रवाह में सुधार के लिए अन्य प्रक्रियाएँ की जा सकती हैं। आपके डॉक्टर आपको कम वसा वाला भोजन करने और अपने हृदय का स्वास्थ्य बेहतर बनाने के लिए व्यायाम करने का सुझाव भी दे सकते हैं।

अगर आपके डॉक्टर नाइट्रोग्लिसरीन सुझाते हैं, तो अपने डॉक्टर के आदेश के अनुसार दवा का प्रयोग करें। अधिक जानकारी के लिए, **नाइट्रोग्लिसरीन** हैंडआउट माँगें।

Talk to your doctor or nurse if you have any questions or concerns.

यदि आपका कोई प्रश्न या षंका हो, तो अपने चिकित्सक या नर्स से बात करें।

© 2005 - February 19, 2016, Health Information Translations.

Unless otherwise stated, user may print or download information from www.healthinfotranslations.org for personal, non-commercial use only. The medical information found on this website should not be used in place of a consultation with your doctor or other health care provider. You should always seek the advice of your doctor or other qualified health care provider before you start or stop any treatment or with any questions you may have about a medical condition. The Ohio State University Wexner Medical Center, Mount Carmel Health System, OhioHealth and Nationwide Children's Hospital are not responsible for injuries or damages you may incur as a result of your stopping medical treatment or your failure to obtain treatment.